आयुक्त छत्तीसगढ़ वक्फ़ सर्वे
कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक–4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर

क्रमांक / व.सर्वे. / 10 / 2023 रायपुर, दिनांक 02/05/2023

// दावा आपत्ति का आमंत्रण //
वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण 2020–21

वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित 2013 के अध्याय 02 की धारा 04 के प्रावधानों के अंतर्गत वक्फ संपत्तियों को शासकीय राजपत्र में अधिसूचना के रूप में प्रकाशित किया जाना है। उक्त के पूर्व वक्फ संपत्तियों की सूची जनमानस के अवलोकन हेतु प्रकाशित की जा रही है, जिससे कोई भी व्यक्ति जो नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि से हितबद्ध हो, वक्फ अधिनियम अंतर्गत अपनी आपत्ति प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष लिखित एवं साक्ष्य आधार पर अधिकथित कर सकता है। आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या किसी विधिवत् पेशेवर द्वारा सुने जाने का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। इसके पश्चात् आवश्यक जांच/प्रक्रिया कर प्राधिकृत अधिकारी जो न्यायोचित समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा। अधिनियम अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अनुसूची अंतर्गत प्रकाशित भूमि हेतु दावा आपत्ति के आवेदन दिनांक 05.06.2023 तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लॉक–4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में जमा किये जा सकते हैं। आवेदन मय दस्तावेज एक सीलबंद लिफाफे में जमा किया जावे, जिसके अग्र भाग के ऊपरी छोर पर "वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण, दावा आपत्ति" स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में इंद्राज हो। यह लिफाफा पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा व्यक्तिशः जमा किया जा सकेगा। अन्यत्र किसी भी साधन से जमा किए गए आवेदन अस्वीकार होंगे। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदन भी अमान्य होंगे।

वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण जिला गरियाबंद

क.	नाम वक्फ मौकुफ़ा मय हुदूद अर्बा व नाम शहर, तहसील, मौजा	वक्फ सुन्नी है अथवा शिया	तारीख रजिस्ट्रेशन/दस्तखत आफीसर रजिस्ट्रेशन बकेद तारीख व सन्	राजपत्र/सर्वेक्षण पंजी के अनुसार खसरा एवं रकबा		औकाफ के अनुसार खसरा एवं रकबा		तहसील ग्राम प.ह.नं., रा.नि.मण्डल	वर्तमान राजस्व अभिलेख बी 1 अनुसार वर्तमान स्थिति		वर्तमान राजस्व अभिलेख खसरा अनुसार वर्तमान स्थिति		वर्तमान राजस्व अभिलेख मेंटेनेंस खसरा अनुसार वर्तमान स्थिति		वर्तमान स्थल निरीक्षण उपरान्त	अतिक्रमण/अन्य प्रविष्टियां
				खसरा नं.	रकबा	खसरा नं.	रकबा		खसरा नं.	रकबा	खसरा नं.	रकबा	खसरा नं.	रकबा		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
2	कब्रस्तान, कसबा गरियाबंद तह. गरियाबंद जिला गरियाबंद	सुन्नी	वक्फ सर्वेक्षण 2020–21	निरंक	निरंक	निरंक	निरंक	तहसील गरियाबंद ग्राम गरियाबंद प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. गरियाबंद	निरंक	निरंक	खसरा नं. 883 का भाग	रकबा 0.550 हे.	निरंक	निरंक	कब्रस्तान स्थित है।	खसरा नंबर 883 का भाग रकबा 0.550 हे पर कब्रस्तान स्थित है।

(शम्मी आबिदी)
आयुक्त
छत्तीसगढ़ वक्फ सर्वे
रायपुर